# Description & Importance of the Project

कार्य का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड चौखुटिया के अन्तर्गत कुनीगाड़ हिरूली बाजार मोटर मार्ग का रामपुर चौखुटिया तक विस्तार ( रामपुर–कुनीगाड़ मोटरमार्ग का विस्तार ) का कार्य 2.00 किमी0।

विधान सभा क्षेत्र :– द्वाराहाट।

स्वीकृति का संदर्भ :– इस कार्य की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति शासनादेशं सं0 333/ ।।। –2 /14–46 (प्रा0आ0)/13 दिनांक 13.1.2014 द्वारा प्राप्त है।

लागत :– रू0 18.90 लाख (प्रथम चरण) ।

लम्बाई :– 2.00 किमी0।

जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड चौखुटिया के अन्तर्गत कुनीगाड़ हिरूली बाजार मोटर मार्ग का रामपुर चौखुटिया तक (रामपुर–कुनीगाड़ मोटरमार्ग का विस्तार ) मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। हिरूली बाजार तक गढ़वाल क्षेंत्र में मोटर मार्ग का निर्माण हो चुका है तथा कुमायूँ क्षेत्र में भी ग्राम भनोटिया तक मोटर मार्ग निर्माण हो चुका है। इन दोनों मोटर मार्गो को परस्पर जोड़ने हेतु मात्र 2.00 किमी0 लम्बाई के मार्ग की आवश्यकता है। यह मार्ग दो क्षेत्रों (कुमायूँ एंव गढ़वाल) को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। मार्ग निर्माण न होने के कारण यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इस क्षेत्र से निर्मित मोटरमार्ग तक जाने हेतु काफी घूमकर आना पड़ता है। जिससे ग्रामीणों को एंव विशेषकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान एंव वृद्धों को उपचार हेतु अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिस कारण समय के साथ–साथ अत्यधिक ईधन की भी खपत होती है।

अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत।